# प्रतिदिन पेयजल के दौरान पाइप न फूटे इसलिए बन रही योजना

पत्रिका
नियमित
मिले पानी

12-12-20

लगातार



पत्रिका

पत्रिका में प्रकाशित

## शहर को रोज पेयजल देने की योजना, पत्रिका अभियान



रतलाम. शहर को प्रतिदिन पेयजल देने के लिए नगर निगम की जारी योजना अंतर्गत काम तेज गति से चल रहा है। इसके लिए जब पेयजल तेज प्रेशर से दिया जाएगा तब पाइपलाइन लीकेज या फूटे नहीं इसके लिए वैकल्पिक योजना पर कार्य शुरू कर दिया गया है। पटरी के इस पार व उस पार की एक एक टंकी से प्रतिदिन पेयजल देने की योजना की शुरुआत होगी।

शहर को जल्दी ही प्रतिदिन पेयजल मिलेगा। इसके लिए योजना पर अब काम की समीक्षा प्रतिदिन देर शाम को नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया कर रहे है। इसके लिए सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल, सुरेशचंद्र व्यास, जल विभाग प्रभारी एसपी आचार्य के साथ होने वाली समीक्षा में नए सुझाव पर अमल की भी चर्चा होती है। पेयजल सप्लाय के दौरान पाइप लाइन नहीं फूटे इसके लिए योजना पर तैयारी शुरू हो गई है। इसके अलावा इस समय एक दिन छोड़कर एक दिन पेयजल वितरण होता है, इस कार्य में लगे हुए वॉलमैन की बैठक भी जल्दी नगर निगम करने जा रहा है। इसकी वजह इस वर्ग से प्रतिदिन वॉल खुलवाने की तैयारी करना है।

शहर में प्रतिदिन पेयजल वितरण योजना में शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने नगर निगम के जवाबदारों को कहा है कि एक एक थाने की पटरी के दोनों तरफ की एक एक टंकी से पेयजल का वितरण शुरू किया जाए। इसकार्य को एक साथ शुरू किया जाए। इसलिए अब नगर निगम शांति नगर की पेयजल टंकी व गंगासागर व कस्तुरबा नगर, विनोबा नगर की पेयजल टंकी के बारे में मंथन कर रही है। इस बारे में अंतिम निर्णय शनिवार को ले लिया जाएगा। इसके बाद जल्दी ही शहर को प्रतिदिन पेयजल मिलने लगेगा।

### हमारी तैयारी अंतिम चरण में

शहर को प्रतिदिन पेयजल देने के लिए नगर निगम की तैयारी अंतिम चरण में है। जल्दी ही योजना की शुरुआत होगी। - **एसपी आचार्य**, जल विभाग प्रभारी, नगर निगम

12-12-2020

# छात्राओं ने रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का दिया संदेश



## जुर्माना की व्यवस्था भी कायम रहे ताकि इधर-उधर कचरा फेकने वालों को सबक मिल सके

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

शहर को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए कचराघरों से मुक्त करने की मुहिम निरन्तर चलाई जा रही है। इसी के साथ कचरा मुक्त स्थलों पर सफाई मित्र समूह के माध्यम से आकर्षक रांगोली का निर्माण किया जाकर क्षेत्रीय नागरिकों के माध्यम से दीप दान कराया जा रहा है ताकि आसपास के लोग वहां दोबारा कचरा नही फेक सके। कचरा मुक्त हुए स्थलों के नागरिकों का मानना है कि शहर से सारे कचरा घर समाप्त करने का जो बीड़ा उठाया है वह सराहनीय होकर नागरिकों में सकारात्मक सोच पैदा करने वाला है, मगर सफाई के लिए जागरुकता के साथ हर तरफ जुर्माना की व्यवस्था भी कायम रहे ताकि इधर उधर कचरा फेकने वाले आदतन लोगों को सबक मिल सके। शहर के तमाम वार्डों में कई लोगों ने अपने खाली भूखण्ड छोड़ रखे है जो वर्षों से कचरा स्थल के रुप में उपयोग किए जा रहे है। ऐसे भूखण्डधारियों पर भी जुर्माने की कार्रवाई की जाए ताकि रतलाम शहर को कचरा मुक्त कर स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

### स्वच्छ रतलाम- सुंदर रतलाम अभियान

रतलाम को प्रदेश और देश में अलग पहचान दिलाने के लिए नगर पालिक निगम ने स्वच्छ रतलाम- सुंदर रतलाम अभियान की शहर में शुरुवात करते हुए सैकड़ों स्थानों को कचरे से मुक्त किया है। इन कचरा स्थलों पर हर दिन सफाई मित्र समूह के सदस्य आकर्षक रांगोली का निर्माण कर तमाम लोगों को स्वच्छता का संदेश दे रहे है। इस मौके पर रहवासियों और राहगियों को संकल्प दिलाया जा रहा है कि मेरा योगदान, मेरी शान, स्वच्छ शहर मेरी पहचान है।

राज एक्सप्रेस

12-12-2020

12-12-2020

# नेशनल लोक अदालत आज, 11 हजार से ज्यादा प्रकरण रखे जाएंगे

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 12 दिसंबर को जिला न्यायालय और जावरा, आलोट व सैलाना तहसील न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत रखी गई है।

लोक अदालत में 11 हजार से ज्यादा प्रकरण निराकरण के लिए रखे जाएंगे। लोक अदालत के लिए 30 खंडपीठों का गठन किया गया है। लोक अदालत का शुभारंभ सुबह साढ़े दस बजे होगा। लोक अदालत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश शोभा पोरवाल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। वहीं लोक अदालत की तैयारियां जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव और अपर सत्र न्यायाधीश साबिर एहमद खान के निर्देशन में की जा चुकी है।

नई दुनिया 12-12-2021

पत्रिका 12-12-20

# संपत्ति एवं जलकर बकाया जमा करने पर अधिभार में छूट

## नेशनल लोक अदालत आज

रतलाम. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के निर्देशानुसार संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने के लिए शनिवार को नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत बकाया राशि जमा कराने हेतु नगर निगम कार्यालय, अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल तथा कोर्ट परिसर में शिविर का आयोजन कार्यालयीन समय में किया गया है।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि पचास हजार रुपए तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि दस हजार रुपए तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट मिलेगी। सम्पत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि पचास हजार रुपए से अधिक तथा एक लाख रुपए तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार रुपए से अधिक तथा 50 हजार रुपए तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि एक लाख रुपए से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

**एक बार ही मिलेगी यह छूट-** आयुक्त झारिया ने बताया उक्त छूट मात्र एक बार ही दी जायेगी। छूट का लाभ वित्तीय वर्ष 2019-20 तक की बकाया राशि पर ही देय होगी। यह छूट मात्र नेशनल लोक अदालत के लिये मान्य होगी। शनिवार को आयोजित एक दिवसीय लोक अदालत के तहत नगर निगम कार्यालय, अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल तथा कोर्ट परिसर में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर बकाया राशि जमा कराकर दी जा रही अधिभार (सरचार्ज) में छूट का लाभ उठाएं।

पत्रिका

12-12-2020

# जुर्माना राशि में छूट मिलेगी

भास्कर 12-12-20

नेशनल लोक अदालत में नगर निगम, बिजली विभाग और बीएसएनएल द्वारा उपभोक्ताओं को जुर्माना राशि में छूट दी जाएगी।

**यहां भी छूट-** शहर के संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों के लिए लोक अदालत लगाई जाएगी। ये नगर निगम कार्यालय, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल तथा कोर्ट परिसर में लगेगी। इसमें 50 हजार रुपए संपत्ति कर बकाया वालों को अधिभार में 100 प्रतिशत, बकाया 50 हजार से ज्यादा होने पर 50 प्रतिशत तथा एक लाख से अधिक होने पर 25 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

दैनिक भास्कर

12-12-2020

## नगर में 3 नालों की सफाई का कार्य शुरू

पत्रिका 12-12-20

शहर में मावठे की बारिश के साथ ही तीन नालों की सफाई का कार्य नगर निगम ने शुरू कर दिया है। निगम के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार शुक्रवार को चमारिया नाका, जवाहर नगर व शास्त्री नगर गुरू तेग बहादुर स्कूल के बाहर वाले नाले की सफाई का कार्य जेसीबी मशीन, डम्पर, व गैंग द्वारा शुरू करवाया गया।

पत्रिका

12-12-2020

## तीन नालों की सफाई का कार्य प्रारंभ

नई दुनिया 12-12-20

रतलाम। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा नगर के नालों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा शुक्रवार को करमदी नाका, जवाहर नगर व शास्त्री नगर गुरु तेग बहादुर स्कूल के बाहर वाले नाले की सफाई का कार्य जेसीबी, डंपर व गैंग द्वारा प्रारंभ करवाया गया।

नई दुनिया

12-12-2020

## नालों की सफाई भी शुरू

नालों से फैलने वाली गंदगी को रोकने के लिए नगर निगम ने नालों की सफाई भी शुरू कर दी है। शुक्रवार को चमारिया नाका, जवाहर नगर व शास्त्री नगर गुरू तेग बहादुर स्कूल के बाहर वाले नाले की जेसीबी से सफाई की गई।

दैनिक भास्कर

12-12-2020

**शिविर पर हुआ बारिश व सर्दी का असर**

# महावीर नगर में लगेगा निगम का बकाया वसूली शिविर

## 37,05,253 रुपए संपत्तिकर व 10,13,125 रुपए जलकर जमा कराया

12-12-2020

रतलाम @ पत्रिका. नगर निगम ने 30 दिसंबर तक बकाया कर वसूली के लिए शिविर का आयोजन अलग-अलग वार्डों में किया है। शनिवार को प्रतापनगर में आयोजित शिविर में बारिश व सर्दी के चलते आमजन का उत्साह बकाया कर जमा करवाने के लिए कम नजर आया। अब इस प्रकार के बकायादार विभिन्न प्रकार की छूट का लाभ बकाया शनिवार को नेशनल लोक अदालत में जमा करवाके ले सकते हैं।

निगम द्वारा आयोजित शिविरों में नागरिकों ने उत्साह दिखाते हुए गांधीनगर में संपत्तिकर 2,38,224 व जलकर 43,460, मालवा नगर में संपत्तिकर 3,66,429 व जलकर 43,830, जवाहर नगर अम्बे माता मंदिर के पास में संपत्तिकर 2,69,336 व जलकर 41,850, विनोबा नगर पानी की टंकी के पास में संपत्तिकर 3,94,652 व जलकर 1,06,050, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल के पास में संपत्तिकर 4,54,616 व जलकर 84,000, तिरूपति नगर में संपत्तिकर 55,700 व जलकर 14,800, कोमल नगर में संपत्तिकर 65,133 व जलकर 18,430, इन्द्रलोक नगर में संपत्तिकर 1,04,310 व जलकर 37,520, कस्तुरबा नगर में संपत्तिकर 1,63,070 व जलकर 41,200, प्रियदर्शनी नगर में संपत्तिकर 54,244 व जलकर 31,700, डोंगरे नगर में संपत्तिकर 1,87,800 व जलकर 13,500, हाट रोड माताजी मंदिर के पास में संपत्तिकर 89,439 व जलकर 29,500, काटजू नगर में संपत्तिकर 2,23,843 व जलकर 80 हजार, वेदव्यास कालोनी में संपत्तिकर 78,232 व जलकर 24,800, दीनदयाल नगर में संपत्तिकर 95,424 व जलकर 46,350, बोहरा बाखल में संपत्तिकर 2,61,000 व जलकर 45,500, लक्कड़पीठा में संपत्तिकर 2,58,000 व जलकर 90,310, धानमण्डी में संपत्तिकर 2,39,000 व जलकर 1,58,845, आनन्द कालोनी में संपत्तिकर 94,633 व जलकर 24,500, प्रताप नगर में संपत्तिकर 1,31,093 व जलकर 68,580 की एक मुश्त बकाया राशि जमा कराकर दी जा रही अधिभार में छूट का लाभ लिया।

पत्रिका

12-12-2020

**पकड़े 4 मवेशी** - नए हाइड्रोलिक कैटल कैचर से शुक्रवार को भाजना बस स्टैंड, दीनदयाल नगर, धीरज शाह नगर इलाके से 4 मवेशी को पकड़कर गोशाला में छोड़ा गया।

दैनिक भास्कर।

12-12-2021।

## 380 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

4/ग्रि/आ

12-12-20

# निगम ने नवीन हाईड्रोलिक केटल कैचर से पकड़े 4 मवेशी

रतलाम. नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहो पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है। जिसके तहत 12 अक्टूबर से 11 दिसम्बर तक 380 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया। शुक्रवार को चार मवेशी पकड़े गए।

नगर निगम द्वारा नवीन हाईड्रोलिक केटल कैचर क्रय किया गया जिससे 12 मवेशियों को नगर के प्रमुख स्थानों से पकड़कर गौशाओं में भेजा गया। नवीन हाईड्रोलिक केटल कैचर से मवेशियों को पकड़ने में सुविधा होने के साथ समय भी कम लगता है व मवेशी भी आसानी से वाहन में चढ़ जाते हैं तथा उन्हें किसी प्रकार का नुकसान भी नहीं होता है।

नगर निगम प्रशासक गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 12 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 11 दिसम्बर तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 380 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 11 दिसम्बर शुक्रवार को बाजना बस स्टैण्ड, दीनदयाल नगर, धीरजशाह नगर क्षेत्र से 4 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये। स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाडे व स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा की गई।

4/ग्रि/आ

12-12-2020

# हाईड्रोलिक केटल कैचर से पकड़े चार मवेशी

नई दुनिया 12-12-2020

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर घूमने वाले मवेशी पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। अब तक 380 मवेशी गोशालाओं में भेजा जा चुका है।

नवीन हाईड्रोलिक कैटल कैचर से मवेशियों को पकड़ने में सुविधा होने के साथ समय भी कम लगता है व मवेशी भी आसानी से वाहन में चढ़ जाते हैं तथा उन्हें किसी प्रकार का नुकसान भी नहीं होता है। शुक्रवार को शहर के बाजना बस स्टैंड, दीनदयाल नगर, धीरजशाह नगर क्षेत्र से चार मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गए। मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े व स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा की गई।

नई दुनिया

12-12-2020

# सीसीटीवी कैमरों के बाद भी गंदगी व मलबा फैलाने वालों में कमी नहीं आई

12-12-2020

रतलाम ● स्वदेश समाचार नगर में ऐसे "दुकानदार" एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरों से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते हैं ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे हैं ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी रखी जा रही है। इस हेतु पुलिस कंट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। गंदगी व अतिक्रमण करने पर राजेश सांकला, लोकेन्द्र सज्जन मिल रोड, गगन दासवानी काटजू नगर पर 1000-1000, टीकमदास दासवानी काटजू नगर पर 500 व घनश्याम कुमावत सैलाना रोड पर 250 रुपए का जुर्माना किया गया।

2-1-21

12-12-2020

# मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने वालों पर जुर्माना

रतलाम। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक व दुकानदारों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर डालू मोदी बाजार के राजेंद्र राठौर पर 500 रुपये का जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार मलबा फैलाने व अतिक्रमण करने पर वीरेंद्र यादव चौमुखी पुल पर 5000 व गणेश गुर्जर चौमुखी पुल पर 2000 का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाडे आदि द्वारा की गई।

नई दुनिया 12-12-2020

नई दुनिया

12-12-2020

# अतिक्रमण से लेकर गंदगी करने पर लगाया अर्थदंड

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 12-12-21

रतलाम. नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहा-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। इसके साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार मलबा फैलाने व अतिक्रमण करने पर विरेन्द्र यादव चौमुखी पुल पर 5000 व गणेश गुर्जर चौमुखी पुल पर 2000 का अर्थदंड किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाडे आदि के द्वारा की गई। निगम के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

4 | पत्रिका

12-12-2020

(15)

# सीसीटीवी में सड़क पर कचरा फेंकते दिखे तो लगाया जुर्माना

## पुलिस कंट्रोल रूम पर भी अमले की ड्यूटी लगाई



डालू मोदी बाजार में स्पॉट फाइन वसूलता स्वास्थ्य अमला।

भास्कर संवाददाता | रतलाम

12-12-2020

स्वच्छता अभियान को लेकर निगम पूरी संजीदगी से काम कर रहा है। कचरा फेंकने वालों पर पुलिस विभाग के शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी जा रही है। शुक्रवार को डालू मोदी बाजार के राजेंद्र राठौर सड़क पर कचरा फेंकते दिखाई दिए। कंट्रोल से सूचना मिलने पर स्वास्थ्य अमला डालू मोदी बाजार पहुंचा और राठौर से 500 रुपए जुर्माना वसूला। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया निगरानी रखने के लिए पुलिस कंट्रोल रूम पर निगम के कर्मचारी 3 पालियों में ड्यूटी दे रहे हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य अमले ने शुक्रवार को मलबा फैलाने व अतिक्रमण करने पर वीरेंद्र यादव चौमुखी पुल पर 5000 रुपए, गणेश गुर्जर चौमुखी पुल पर 2000 रुपए का स्पॉट फाइन वसूला।

दैनिक भास्कर

12-12-2020